>

Title: Need to undertake afforestation work along four-lane express highway from Malthaun to Maharajpur in Sagar, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सागर में मालथौन से लेकर महाराजपुर तक के निर्माणाधीन फोर लेन एक्सप्रेस हाईवे मार्ग के अंतर्गत दोनों तरफ सैंकड़ों की संख्या में वृक्ष काट दिए गए। कश्मीर से कन्याकुमारी तक फोर लेन एक्सप्रेस हाईवे के इस मार्ग में हजारों की संख्या में वृक्ष कट जाने से जहां एक ओर पर्यावरण का गंभीर संकट पैदा हो गया है, वहीं वृक्षों की कमी से जंगली जानवरों की भी परेशानियां बढ़ गई हैं तथा अच्छे-अच्छे फलदार वृक्ष कट जाने से पक्षियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

अत: पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए सड़क निर्माण के साथ ही सड़क के दोनों ओर दुगने वृक्ष लगाने एवं उनका रख-रखाव उनके बड़े होने तक करने तथा मार्ग में कुछ-कुछ किलोमीटर की दूरी पर पानी की खुली टंकियां बनवाने का प्रबंध किया जाए जिससे जानवर एवं पक्षियों को संरक्षण मिल सके।